# जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में दिनांक–25.07.2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

आज दिनांक 25.07.2025 को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण विभाग, ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
5. श्री शम्भू दयाल वन निगम, प्रतिनिधि, ललितपुर।
6. श्री धीरज कुमार, ऐ0ई0 (वि0/यां0), ललितपुर।
7. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
8. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0 एवं श्री विनय साहू इंजीनियर, टी0पी0आई0 ललितपुर।
9. श्री आकाश सिंह गौर, पी0एम0, मेसर्स सुधाकरा, ललितपुर।
10. श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
11. श्री सुभाष विशनाई, प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा ललितपुर।
12. श्री संतोष, प्रतिनिधि, ब्रिज बानको ललितपुर।

अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 21 स्थलों के सापेक्ष 12 कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिये गये है। 9 कनेक्शन वन क्षेत्र के अन्तर्गत शेष है। वन क्षेत्र में आने वाले कुल 1078 पेड़ों की कटाई के सापेक्ष 898 पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष 180 पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना है, किन्तु वन निगम द्वारा कटाई का कार्य वर्तमान में नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने बैठक में उपस्थित वन निगम के प्रतिनिधि से इस सम्बन्ध में पूछा तो वन निगम के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि वर्षा के कारण वन निगम के डिपो में जाने वाली सड़क खराब हो गयी है जिसके कारण काटे गये पेड़ो को डिपो में नहीं लाया जा सकता है। जिलाधिकारी महोदय ने वन निगम के डी0एल0एम0 को इस सम्बन्ध में अवगत कराया एवं शेष पेड़ों की कटाई शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को मसौरा–सिंधवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुरैरा, किसरदा CWR के पम्प हाऊस एवं बिल्ला मोगान योजना के भौंरट बांध में स्थित इंटेक वेल को शीघ्र स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु निर्देशित किया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि कुरैरा, किसरदा एवं बिल्ला मोगान योजना के भौंरट बांध में स्थित इंटेक वेल को 29 जुलाई 2025 तक स्वतंत्र विद्युत कनेक्शन से ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। धौर्रा–बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक वेल एवं डब्लू0टी0पी0 को 10 अगस्त 2025 तक ऊर्जाकृत करने हेतु अवगत कराया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा जिलाधिकारी महोदय को आश्वासन दिया गया कि धौर्रा–बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना के मुडारी, बालाबेहट, डुंगरिया एवं चन्देरा को 15 अगस्त 2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि रेट्रोफिटिंग योजनाओं में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं होती है जिसके कारण ग्रामों में जलापूर्ति बांधित रहती है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि रेट्रोफिटिंग योजनाएं टैपिंग द्वारा ऊर्जाकृत है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बांधित रहती है, स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु विद्युत वितरण विभाग को जल निगम ने पत्र के द्वारा प्राक्कलन प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महादेय ने अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग को प्राक्कलन प्रस्तुत करने, जल जीवन मिशन की योजनाएं जो स्वतंत्र ऊर्जाकृत हो गयी है में सुचारू रूप से एवं उचित वोल्टेज से विद्युत आपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। जिससे कि जल जीवन मिशन की योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा सके।

D





(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक– 7214 / w-15 / 158 दिनांक-30-07-2025

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय ललितपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण, ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
5. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर।
6. टीम लीडर, पी0एम0सी0 ललितपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 ललितपुर।
8. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
9. समस्त कार्यदायी संस्थाएं जल जीवन मिशन ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।